# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 01/08/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --185/2024
1 अगस्त 2024
रांची

===================

**◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक**

====================

**◆ मुख्यमंत्री को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव ने बताया- सर्वोच्च न्यायालय ने सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के सिर्फ रिजल्ट प्रकाशन पर रोक लगाई है, परीक्षा के आयोजन को लेकर कोई रोक नहीं है**

===================

**◆ सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगी राज्य सरकार**

===================

**◆ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा विभिन्न पदों के लिए ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तिथियां के अनुरूप होगी**

===================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर मुख्य सचिव श्री एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष श्री प्रशांत कुमार तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री उमाशंकर सिंह के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सहायक आचार्य के 26 हज़ार पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया

से संबंधित पूरी जानकारी जेएसएससी के अध्यक्ष और शिक्षा सचिव से प्राप्त की। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि सर्वोच्च न्यायालय ने सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर सिर्फ रोक लगाई है। परीक्षा के आयोजन पर  किसी भी प्रकार की कोई रोक नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।

**सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं पूर्व -निर्धारित तिथियों पर ही आयोजित होगी**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के प्रशांत कुमार ने बैठक में कहा कि विभिन्न पदों के लिए आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं अपने पूर्व -निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी। ऐसे में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के बीच किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आयोग पूर्व में ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन की तिथियां घोषित कर चुका है। ऐसे में  पूर्व -निर्धारित तारीखों के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित तैयारियां पूरी की जा रही है।

**===========================**

**#Team PRD(CMO)**